भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 28 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 14 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## सगाई से लौटते समय एक्सप्रेस-वे पर मिनी बस हादसा, ज्वेलर परिवार के 4 लोगों की मौत, 10 घायल

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा



दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रविवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में करौली के ज्वेलर परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दस लोग घायल हो गए। हादसा कोटा ग्रामीण क्षेत्र के दीगोद उपखंड अंतर्गत बुढ़ादीत गांव के चंबल पुल के पास अल सुबह करीब 5 बजे हुआ।

### तेज रफ्तार और नींद बनी वजह

पुलिस के अनुसार, मिनी बस में सवार परिवार इंदौर में सगाई समारोह में शामिल होकर करौली लौट रहा था। आशंका है कि ड्राइवर को झपकी आने से बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान कोटा के एमबीएस अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### मृतकों में सगे भाई, मां और बहनोई शामिल

हादसे में अनिल सोनी (48), ब्रजेश सोनी (45), गीता सोनी (63) और सुरेश सोनी (45) की जान गई। अनिल और ब्रजेश सगे भाई थे, गीता उनकी मां और सुरेश, गीता के दामाद थे। अनिल और ब्रजेश ज्वेलरी व्यवसाय से जुड़े थे, जबकि सुरेश सरकारी शिक्षक थे और भरतपुर में पदस्थापित थे।

### सगाई से लौट रहा था परिवार, 14 लोग थे सवार

परिवार के युवक रानू की सगाई इंदौर में हुई थी। रानू बेंगलुरु में इंजीनियर हैं। समारोह में शामिल होने के लिए परिवार के 14 सदस्य गए थे। लौटते समय यह हादसा हुआ।

### 7 की हालत गंभीर, कई निजी अस्पतालों में भर्ती

संजय सोनी ने बताया कि सानिया, ममता, संजू, छोटू सहित सात सदस्य गंभीर रूप से घायल हैं, जिनमें से चार को निजी अस्पतालों में शिफ्ट किया गया है। तीन का इलाज एमबीएस अस्पताल में चल रहा है। तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

### पुलिस व प्रशासन मौके पर पहुंचा

हादसे की सूचना मिलते ही बुढादीत चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## खरेड़ गांव में खाल में डूबने से दो मासूमों की मौत



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर


कस्बे के निकटवर्ती खरेड़ गांव में रविवार को बकरियां चराने गए दो चचेरे भाइयों की खाल में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार स्कूल का अवकाश होने पर दोनों किशोर सांवर पुत्र रामलाल भील (12) व शैतान पुत्र शंकरलाल भील (12) बकरिया चराने गए थे। इसी दौरान खाल में बहते पानी में डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों व ग्रामीणों ने बच्चों को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस से कोटड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर बड़लियास थाना व सवाईपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 'जब चौकी बन जाए संस्कार, सुरक्षा और सेवा का प्रतीक – तो डर नहीं, भरोसा पनपता है'

### कांस्या पुलिस चौकी का कायाकल्पः डेढ़ साल में अपराधों पर शिकंजा, विकास की मिसाल बनी



बिजोलिया : चौकी परिसर में विकसित पार्क



बिजोलिया : शिव परिवार की स्थापना के लिए बना मंदिर परिसर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**श्याम विजय**

राजस्थान-मध्यप्रदेश सीमा पर स्थित कांस्या पुलिस चौकी, जो कभी केवल एक औपचारिक सुरक्षा बिंदु थी, अब विश्वास, विकास और बदलाव का प्रतीक बन चुकी है। चौकी प्रभारी नरेश कुमार सुखवाल की दूरदर्शिता और जनभागीदारी की सोच ने न केवल कानून व्यवस्था को दुरुस्त किया, बल्कि पुलिस व्यवस्था के मानवीय चेहरे को भी निखारा।

### अपराध से सजगता तकः अब चौकी नहीं, चौकसी का प्रतीक

बीते डेढ़ वर्ष में कांस्या क्षेत्र में नशा तस्करी, बाइक चोरी और चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। मादक पदार्थ तस्करी के 9 से अधिक मामलों में सफलता मिली है । सीमावर्ती क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए यह उपलब्धि प्रशासनिक दृष्टि से अहम मानी जा रही है।

### चौकी परिसर बना हरित प्रहरी और श्रद्धा केंद्र

चौकी परिसर को सिर्फ कानून का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, शांति और स्वच्छता का स्थल बना दिया गया है। यहां एक औषधीय पौधों से युक्त सुंदर पार्क तैयार किया गया है, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

साथ ही, चौकी परिसर के बाहर एक भव्य शिव मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जहां शीघ्र ही भगवान शिव परिवार की प्रतिमाएं स्थापित होंगी। यह स्थान अब ग्रामीणों के लिए एक धार्मिक आस्था केंद्र भी बनता जा रहा है।

### पुलिसकर्मियों ने दिखाया अनुकरणीय समर्पण

विकास कार्यों के लिए किसी सरकारी बजट का इंतजार नहीं किया गया। चौकी प्रभारी सुखवाल और उनकी टीम ने अपने छह माह के वेतन का अंशदान कर चौकी के कायाकल्प को साकार किया। यह उदाहरण बताता है कि सेवा केवल वर्दी से नहीं, सोच और समर्पण से भी होती है।

### जनता से जुड़ावः 'डर नहीं, संवाद' की नीति

कांस्या चौकी की बदली छवि का सबसे बड़ा प्रभाव स्थानीय जनता के भरोसे में बढ़ोतरी के रूप में सामने आया है। लोग अब पुलिस से दूरी नहीं, अपनत्व महसूस करते हैं। शिकायतें दर्ज कराने से लेकर समस्याओं पर संवाद तक, पुलिस अब 'सिस्टम' नहीं, 'सहयोगी' बन चुकी है।

### राज्य स्तर पर बनेगी पहचान?

प्रशासनिक हलकों में चर्चा है कि कांस्या चौकी को 'राज्य की आदर्श चौकी' घोषित किया जा सकता है। यदि ऐसा होता है, तो यह न केवल सुखवाल की पहल को सम्मान देगा,



नरेश सुखवाल

बल्कि प्रदेश की अन्य चौकियों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

### पुलिस सिर्फ समाज में कानून नहीं, संस्कार भी स्थापित करती है :

कांस्या चौकी का यह बदलाव साबित करता है कि जब पुलिस व्यवस्था में सेवा, श्रद्धा और समर्पण का मेल होता है, तो वह समाज में सिर्फ कानून नहीं, संस्कार भी स्थापित करती है।

## बालिका से आपत्तिजनक कृत्य में पकड़े गए शिक्षक पर बर्खास्तगी की कार्रवाई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



मांडलगढ़ क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोटरों-का-खेड़ा में कार्यरत पंचायत शिक्षक मीठालाल मीणा को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर सेवा से बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मंत्री ने कहा कि शिक्षक-शिष्य के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

मामले के अनुसार शिक्षक को हाल ही में अपने किराए के कमरे में एक बालिका के साथ संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। घटना की भनक लगते ही ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर उसकी जमकर पिटाई की और पुलिस को सूचना दी। घटना के सामने आने के बाद शिक्षा मंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री के निजी सहायक ने बताया कि विभाग ने मीणा को पहले ही एपीओ कर दिया था; अब उसकी बर्खास्तगी अंतिम चरण में है। संबंधित पंचायत समिति तथा जिला शिक्षा अधिकारी को सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

मंत्री दिलावर ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार शिक्षा विभाग में पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि मानती है। जो भी शिक्षक अपने पद की गरिमा का उल्लंघन करेगा, उस पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई होगी, उन्होंने कहा। साथ ही अन्य शिक्षकों से ईमानदारी व नैतिकता के साथ दायित्व निभाने की अपील की।

## मजदूरी मांगना पड़ा महंगा, ठेकेदार ने पीटा, बंधक बनाकर दी जान से मारने की धमकी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



पत्थर खदान पर काम कर रहे मजदूर को उसकी मेहनताना मांगना भारी पड़ गया। नयानगर निवासी सम्पत सिंह रावत ने स्थानीय खनन ठेकेदार नागपाल बंजारा और नारू बंजारा पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।पीड़ित ने बताया कि वह पिछले चार माह से पत्थर खदान पर कार्यरत था, और लगभग ?2.85 लाख की मजदूरी बकाया है। जब उसने 8 जुलाई को मजदूरी मांगने के लिए ठेकेदार से संपर्क किया, तो उसे घर बुलाया, जहां लात-घूंसे और थप्पड़ों से बेरहमी से पीटा गया। इतना ही नहीं, उसे बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी भी दी गई।पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने कहा, ÷तेरी मजदूरी हड़प ली है, अब न पैसे मिलेंगे और न काम। नयानगर छोड़ दे वरना अंजाम भुगतने को तैयार रह।÷पीड़ित की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

C M Y K

# विवेक-सुषमा धाकड़ ट्रस्ट व श्री धाकड़ महासभा के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण व सम्मान समारोह आज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चेरिटेबल ट्रस्ट एवं श्री धाकड़ महासभा के संयुक्त तत्वावधान में आज सोमवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं जिला स्तरीय नव मनोनीत सदस्यों के सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से सीनियाणा-रलायता स्थित बैधनाथ महादेव परिसर में आयोजित किया जाएगा।

समारोह में भीलवाड़ा जिले सहित श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, तहसील स्तर के पदाधिकारी, महिला इकाई एवं युवा संघ के गणमान्य प्रतिनिधि भाग लेंगे।

कार्यक्रम में इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़, पूर्व जिला प्रमुख भीलवाड़ा व संरक्षक, श्री धाकड़ महासभा , नरेंद्र नागर, राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री धाकड़ महासभा, पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक खानपुर , डॉ. अर्जुन धाकड़ (सिंगोली, मध्यप्रदेश), राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री धाकड़ महासभा युवा संघ , रमन धाकड़ (बयाना, भरतपुर), प्रदेश अध्यक्ष, श्री धाकड़ महासभा युवा संघ , इन्द्रसिंह मण्डलोई (कोटा), प्रदेश अध्यक्ष, श्री धाकड़ महासभा , राजश्री नागर, राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला इकाई, श्री धाकड़ महासभा एवं दीपशिखा धाकड़, प्रदेश अध्यक्ष, महिला इकाई, श्री धाकड़ महासभा एवं चेयरमैन, विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चेरिटेबल ट्रस्ट, भीलवाड़ा उपस्थित रहेगी ।

# जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न जेसीआर क्लब और जय सियाराम क्लब ने जीता खिताब

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिला स्तरीय नेटबॉल संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय पुरुष एवं महिला जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अंजुमन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुवाड़ा खान रोड पर संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल 112 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें पुरुष एवं महिला वर्ग के खिलाड़ी शामिल रहे। आयोजन में निर्णायक की भूमिका आठ निर्णायकों ने निभाई।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि अंजुमन स्कूल के प्रधानाचार्य नूर इलाही पठान थे। कार्यक्रम में जावेद कायमखानी, शारीरिक शिक्षक व एनआईएस कोच गोविंद शर्मा, अजययाद शेख, जनत माति, अनवर अली डायर, श्रवण खटीक, दीपक खींची, पवन कुमार खोईवाल, सीताराम बसीटा, राहुल तेली, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र के पर्यवेक्षक अर्जुन सिंह, पूनम जीनगर और उर्वशी पवार सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला अंजुमन सीनियर सेकेंडरी स्कूल और जेसीआर क्लब, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमगंज के खेल मैदान पर खेला गया, जिसमें जेसीआर क्लब ने जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग का फाइनल भीलवाड़ा गर्ल्स और जय सियाराम क्लब के बीच खेला गया, जिसमें जय सियाराम क्लब विजेता बना।

संघ के सचिव ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन 25 जुलाई से सीकर में आयोजित होने वाली 13वीं राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

# गंगाजल लेकर निकली कांवड़ यात्रा, वातावरण हुआ शिवमय




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर में आयोजित कांवड़ यात्राओं से वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का संचार हो रहा है। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने रविवार को पूर्वांचल समिति अध्यक्ष अर्चना दुबे के नेतृत्व में निकाली गई कांवड़ यात्रा को रेलवे स्टेशन चौराहा स्थित गजाधर मानसिंहका धर्मशाला से हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कही।

कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुए, जो दो-दो की कतारों में कंधों पर गंगाजल भरी कांवड़ लिए भक्ति भाव से चल रहे थे। चंद्र प्रकाश अमरवाल ने बताया कि यात्रा रेलवे स्टेशन चौराहा से सूचना केंद्र तक निकाली गई, जिसमें त्रिपाठी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता पदयात्रा कर कांवड़ियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्वांचल समिति की ओर से अर्चना दुबे ने मुख्य अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी जगदीश मानसिंहका, महेश सोनी, एडवोकेट रामेश्वर जाट, मनोज पालीवाल, आशीष राजस्थला और शैलेन्द्र चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घुमंतू जातियों के बच्चों को शिक्षा के लिए किया गया जागरूक, कालबेलिया समाज ने लिया संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**



ग्राम पंचायत बावलास के कापड़िया गांव में घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जाति के कालबेलिया समुदाय को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पीईओ देवीलाल प्रजापत के नेतृत्व में हुई।

बैठक में कालबेलिया समाज के वरिष्ठ जनों और पंचों को संबोधित करते हुए बच्चों की शिक्षा के महत्व और राज्य सरकार की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान सभी ने सहमति जताई कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा और बच्चों की पढ़ाई नहीं छुड़ाई जाएगी।

वर्तमान में पंचायत क्षेत्र में कालबेलिया समुदाय के 18 बच्चों का विद्यालयों में नामांकन हो चुका है। उन्हें सरकारी योजनाओं जैसे मिड डे मील, यूनिफॉर्म, छात्रवृत्ति आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ–प्रत्येक व्यक्ति हर वर्ष एक वृक्ष अवश्य लगाए: स्वामी जगदीश पुरी

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**



राम डूंगरी महादेव, महुआ में श्री 1008 स्वामी जगदीश पुरी महाराज के सानिध्य में रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्वामी जगदीश पुरी महाराज ने कहा कि ÷वृक्ष हैं तो जीवन है और प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने सभी को वृक्षों की देखभाल करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में माण्डलगढ़ प्रधान जितेंद्र मुन्दड़ा ने कहा कि शास्त्रों में वृक्ष को दस पुत्रों के समान माना गया है। वृक्षारोपण को जीवन रक्षा का माध्यम बताते हुए उन्होंने सभी से प्रकृति संरक्षण की अपील की।

इस अवसर पर आस-पास के गांवों के ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पौधे लगाकर जंगल बचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में रूपेश जैन, मनोज जैन योगी, लाला बापू, नारायण नाथ, महेन्द्र वर्मा, शिव नाथ, गोपाल नाथ, बनवारी शर्मा, ओमप्रकाश, कालू राम खटीक सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# जिनवाणी से भक्ति-भाव में रंगा पहला रविवार, महासाध्वी कुमुदलता म.सा. ने दिए जीवन मूल्यों के संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में चल रहे वर्षावास-2025 के प्रथम रविवार को आयोजित धर्मसभा में महासाध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. ने श्रद्धालुओं को अन्न के प्रति कृतज्ञता और पुण्यवाणी बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भोजन करते समय अन्न का एक दाना भी जूठा नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि यह पुण्य का क्षय करता है और आत्मा के शुद्धिकरण में बाधा बनता है।

धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं भीलवाड़ा व अन्य जिलों से उपस्थित रहे। महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने कहा कि चातुर्मास में पानी शरीर की और जिनवाणी आत्मा की प्यास बुझाती है। इच्छाओं पर नियंत्रण और आत्मा की ओर लौटना ही सच्चे सुख का मार्ग है।

साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने 'सुखविपाक सूत्र' के वाचन में बताया कि शुभ भाव, शुभ लाभ और शुभ खर्च से जीवन सुखमय बनता है। साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. का भी सानिध्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ।

धर्मसभा में तपस्वियों का सम्मान किया गया तथा झांकियों की प्रस्तुति देने वाले बच्चों को भी चातुर्मास समिति द्वारा सम्मानित किया गया। संचालन राजेन्द्र सुराना ने किया।





इस अवसर पर बंशीलाल बोहरा, राजेन्द्र चंडालिया, अनिल कोठारी, दिनेश डांगी, हनुमान गोखरू आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



# छत के बिना शिक्षा! आकोला स्कूल के छात्र चार साल से खुले में पढ़ाई को मजबूर





भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

(रमेश चंद्र डाड)। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की हालत बदहाल बनी हुई है। विद्यालय भवन के चार कक्ष चार साल पहले जर्जर स्थिति में होने के कारण जमींदोज कर दिए गए थे, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत या पुनर्निर्माण की कोई पहल नहीं हुई। इससे विद्यालय में पढ़ाई व्यवस्था चरमरा गई है और छात्र-छात्राओं को सर्दी, गर्मी और बारिश में खुले आसमान के नीचे बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कक्षा कक्षों की भारी कमी के चलते कई बार विद्यार्थियों को छुट्टी करनी पड़ती है या फिर प्रधानाचार्य और स्टाफ के कमरों में समायोजित किया जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र विद्यालय भवन के नए कमरे बनवाने की मांग की है।

### विद्यालय में 350 से अधिक नामांकन, सुविधा नगण्य

संस्था प्रधान मनीषा पारीक ने बताया कि विद्यालय में इस वर्ष अब तक 350 से अधिक छात्रों का नामांकन हो चुका है और प्रक्रिया अभी भी जारी है। कक्षाओं की कमी को लेकर उच्च अधिकारियों को पूर्व में सूचित किया जा चुका है।

### प्रशासनिक स्तर पर प्रयास जारी

ग्राम पंचायत आकोला के प्रशासक शिवलाल जाट ने कहा कि विद्यालय भवन निर्माण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा गया है। वहीं, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक पारीक ने बताया कि क्षतिग्रस्त कमरों की स्थिति को लेकर डीएमटी फंड से राशि स्वीकृत कराने हेतु कार्रवाई की जा रही है।

### 80 लाख का प्रस्ताव भेजा गया, स्वीकृति मिलते ही होगा निर्माण

मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल ने बताया कि आकोला विद्यालय के लिए डीएमटी फंड से ?80 लाख का मेजरमेंट तैयार कर भेजा गया है। वित्तीय स्वीकृति मिलते ही राशि जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## QUICK BITES

### रूपपुरा में ग्रामीणों ने किया पौधरोपण, लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला

ग्राम पंचायत कोचरिया के रूपपुरा गांव में रविवार को ग्रामीणों ने सड़क किनारे 50 छायादार पौधे लगाकर गांव को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। साथ ही, सभी पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने न सिर्फ वृक्षारोपण किया, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी स्वयं उठाई। इस अवसर पर लादुलाल कुमावत ने कहा कि सामाजिक सरोकारों और पर्यावरण रक्षा में हर नागरिक का योगदान आवश्यक है।

कार्यक्रम में रतनलाल कुमावत, जय शंकर पुरी गोशाला वाले, राजू लाल गुर्जर सहित कई युवा उपस्थित रहे। इस दौरान 500 पौधे लगाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

### भारत विकास परिषद राजस्थान (मध्य) की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक पुष्कर में सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





भारत विकास परिषद राजस्थान (मध्य) प्रांत की द्वितीय प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक रविवार को पुष्कर स्थित माहेश्वरी सेवा सदन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने की, जबकि राष्ट्रीय सह-संयोजक मुकन सिंह राठौड़ पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। सोमानी ने प्रत्येक शाखा को संस्कार केंद्र खोलने और 10 जरूरतमंद परिवारों को गोद लेकर स्वावलंबी बनाने का आह्वान किया। राठौड़ ने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता व राष्ट्रसेवा पर मार्गदर्शन देते हुए जनभागीदारी व नवाचार पर बल दिया।

बैठक में प्रांतीय वित्त सचिव अमित सोनी, पर्यावरण संयोजक दिलीप पारीक, संगठन सचिव व महासचिव सहित सभी शाखा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रगति रिपोर्ट, आगामी योजनाएं और 5 अगस्त को एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम पर दायित्व निर्धारित किए गए।

अंत में राष्ट्रगान व भारत माता की जय के साथ बैठक का समापन हुआ। पुष्कर शाखा कार्यकारिणी को प्रांतीय अध्यक्ष ने शपथ भी दिलाई।

### शिवराज सुराणा कंवलियास जिला सेवादल के जिला महासचिव नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत की सहमति से कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष योगेश सोनी द्वारा शिवराज सुराणा को सेवादल जिला महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष योगेश सोनी ने शिवराज सुराणा को नियुक्ति पत्र सौंपकर संगठन की रीति-नीति का पूर्ण पालन करने तथा पार्टी के हित व एकता हेतु कार्य करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करने की शपथ दिलाई। नवमनोनयन के साथ ही कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये अनवरत् कार्य करते हुये अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस सेवादल जिला भीलवाड़ा से जोड़कर सहयोग प्रदान करेगें। शिवराज सुराणा के जिला महासचिव बनने पर कार्यकर्ताओ में हर्ष व्याप्त है ।

### शिवालयों में सहस्त्रधारा अभिषेक, गूंजे भोलेनाथ के जयकारे



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नगर निगम द्वारा श्रावण मास के तहत चल रहे 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम के तीसरे दिन रविवार को वार्ड 31 और 48 में सहस्त्रधारा अभिषेक संपन्न हुआ। मुखर्जी पार्क शिवालय में पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर और भाजपा नेता सूरज पेन्टर की उपस्थिति रही, वहीं वार्ड 48 में पार्षद सागर पांडे मौजूद रहे। पूजा-अर्चना आचार्य योगेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में मंत्रोच्चार के साथ हुई। इस दौरान महापौर राकेश पाठक, अंकुर बोरदिया, ऋतु शेखर शर्मा, पुनीत प्रताप सिंह तंवर, राजेंद्र शेखावत, अनिल वैष्णव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अगला अभिषेक आज वार्ड 59 के देवरिया बालाजी मंदिर में दोपहर 1 बजे होगा।

## ऑपरेशन कवच : टोंक रोड पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 100 से अधिक चालान, 25 गाड़ियां सीज़, 4 लाख का जुर्माना वसूला; 10 लाख तक पहुंचेगा राजस्व

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर



परिवहन विभाग ने रविवार सुबह टोंक रोड पर 'ऑपरेशन कवच' चलाकर ओवरलोड, बिना परमिट तथा टैक्स चोरी करने वाले कॉमर्शियल वाहनों पर शिकंजा कसा। अलसुबह से ही आरटीओ की छह प्रवर्तन टीमें अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहीं और ट्रक-ट्रेलरों सहित भारी वाहनों की सघन जांच की। दोपहर तक 100 से ज़्यादा वाहनों के चालान काटे गए, जबकि 25 ओवरलोड और अवैध वाहनों को जब्त कर आरटीओ परिसर में खड़ा कराया गया।

इस अभियान में 20 से अधिक ओवरलोड वाहन पकड़े गए , 12 वाहन ऐसे मिले जिनके पास न वैध टैक्स रसीद थी, न परमिट। इन्हें सीज़ कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस दौरान अब तक ?4 लाख का राजस्व वसूला जा चुका है; आरटीओ प्रथम राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया की सम्पूर्ण कार्यवाही पूरी होते-होते यह आंकड़ा ?10 लाख तक पहुँच सकता है।शेखावत ने बताया कि ऑपरेशन कवच का उद्देश्य बिना परमिट, ओवरलोड और टैक्स चोरी करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई कर सड़कों को सुरक्षित बनाना और राजस्व नुकसान रोकना है। यह मुहिम आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

रविवार को अभियान का संचालन डीटीओ राजीव त्यागी ने किया। मौके पर स्वयं उपस्थित रहकर वे एमवीआई जयंत शर्मा के साथ वाहनों की जांच में जुटे रहे। अन्य प्रवर्तन दलों का नेतृत्व एमवीआई आनन्द मीणा, नीतू शर्मा, देवेन्द्र सिंह, असगर अली, शैलेन्द्र सिंह और सविता शर्मा ने किया।

# मिट्टी के तवे पर उकेरी कलाकृति, रंग मल्हार में बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




दीपिका आर्ट अकादमी और नवदीप क्राफ्ट एक्सपो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 16वें रंग मल्हार कार्यक्रम में मिट्टी के तवे पर बच्चों और युवा कलाकारों ने शानदार चित्रकारी कर धरती माँ के प्रति सम्मान और वर्षा की कामना का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन 13 जुलाई को दीपिका आर्ट अकादमी में किया गया, जिसमें देश के साथ-साथ कोरिया, हंगरी, मलेशिया, श्रीलंका, इंग्लैंड जैसे देशों के कलाकारों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन भागीदारी निभाई। दीपिका पराशर ने बताया कि पहले भी छाता, लालटेन, टी-शर्ट आदि पर चित्रकारी हो चुकी है। इस बार तवे को माध्यम बनाकर कलाकारों ने अपनी कल्पना को साकार किया। 20 जुलाई को इन कलाकृतियों की प्रदर्शनी आमजन के लिए लगाई जाएगी। कार्यक्रम में गोपाल आचार्य, लक्ष्मीनारायण, महेश जोशी, दिव्या बांगड़ सहित कई अतिथि मौजूद रहे। प्रतिभागियों में आरोही, तान्या सिंह, यशस्वी बाहेती, आर्ची जैन, अहाना पोरवाल सहित दर्जनों बाल कलाकारों ने भाग लिया।

# भड़किया रानीः अद्भुत चमत्कारी धाम, लेकिन सड़क अभाव से पर्यटकों से दूर







भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

प्राकृतिक सौंदर्य और चमत्कारिक महिमा से परिपूर्ण भड़किया रानी मंदिर, आज भी मूल स्वरूप में मौजूद है, लेकिन सड़क सुविधा के अभाव में यह स्थान पर्यटन मानचित्र से धीरे-धीरे ओझल होता जा रहा है। यह प्राचीन स्थल बिजौलिया-बूंदी मार्ग पर भोपतपुरा पंचायत मुख्यालय से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर घने जंगलों के बीच स्थित है।

1200-1300 वर्ष पूर्व स्थापित मानी जाने वाली माता भड़किया रानी की मूर्ति एक सुंदर जलप्रपात के ऊपर स्थित है। माना जाता है कि यह स्थल पहले नवलपुरा नामक ठिकाने के अधीन था और लगभग 18-20 वर्ष पहले संत भुवानी रामजी के सान्निध्य में मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया।

राजा को मिला श्राप, देवी बनीं पत्थर

स्थानीय किंवदंती के अनुसार, एक बार नवलपुरा के राजा सुमेर सिंह जंगल में शिकार करते हुए इस क्षेत्र में पहुंचे। माता रानी एक वृद्धा के रूप में प्रकट हुईं और राजा को चेताया कि यह स्थान उनका है और यहाँ शिकार करना वर्जित है। राजा ने घमंड में आकर उनका अपमान किया, जिस पर देवी ने राक्षसी रूप धारण कर एक विशाल चट्टान को लात मारकर गिरा दिया और राजा को श्राप दिया कि उसका राजपाट समाप्त हो जाएगा। इसके पश्चात माता चट्टान में समा गईं और उसी स्थान पर मूर्ति के रूप में विराजित हो गईं।

### इतिहास और धरोहर से जुड़ा यह स्थल

इतिहासकारों के अनुसार, नवलपुरा के उजड़ने के बाद बिजौलिया नगरी की सुरक्षा हेतु बनाए गए विशाल बड़ा दरवाजा और छोटा दरवाजा (शहर कोट के द्वार) भी यहीं से लाए गए थे। आज भी नवलपुरा के खंडहर, प्राचीन मंदिर, गुफाएँ, झरने, तालाब, नदी आदि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक समृद्धि की गवाही देते हैं।

मंदिर परिसर के सामने भैरव मंदिर और समीप अन्नपूर्णा माता का मंदिर भी है। चारों ओर हरियाली, पहाड़, और झरनों से घिरा यह स्थान मानसून व नवरात्रा के दौरान विशेष आकर्षण का केंद्र बन जाता है। हर रविवार व सावन मास में यहाँ सैकड़ों श्रद्धालु व पर्यटक दर्शन हेतु पहुंचते हैं।

### सड़क अभाव बना बड़ी चुनौती

दुखद पहलू यह है कि ग्राम पंचायत भोपतपुरा और पंचायत समिति बिजौलिया की उदासीनता के चलते आज तक इस प्राचीन तीर्थस्थल तक पहुंचने हेतु पक्की सड़क नहीं बन पाई है। रास्ता दुर्गम और जोखिमभरा है, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय भड़किया विकास समिति मंदिर की देखरेख और धार्मिक आयोजनों का कार्यभार संभाल रही है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के बिना इस क्षेत्र का समुचित विकास संभव नहीं हो पा रहा। ग्रामीणों और समिति के सदस्यों की मांग है कि सरकार व प्रशासन इस ऐतिहासिक धरोहर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें, यहाँ तक पक्की सड़क बनाई जाए, जिससे न सिर्फ श्रद्धालुओं को सुविधा मिले बल्कि यह क्षेत्र रोजगार और विकास की नई संभावनाओं का द्वार भी बन सके।

# मंशा पंचायत के पुरोहितजी का खेड़ा में कबूतरखाना का हुआ लोकार्पण





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मंशा ग्राम पंचायत के पुरोहितजी का खेड़ा गांव में रविवार को चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण में विधायक मद से निर्मित कबूतरखाने का लोकार्पण विधायक गोपाल खंडेलवाल द्वारा संपन्न हुआ। ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पर बने इस कबूतरखाने को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कार्यक्रम में कोटड़ी पंचायत समिति के प्रधान करणसिंह बैलवा , मांडलगढ़ विधानसभा संयोजक अनिल पारीक भाजपा नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश पाराशर, वरिष्ठ भाजपा नेता गोवर्धन वैष्णव, जहाजपुर विधानसभा संयोजक कन्हैयालाल जाट, भाजपा कार्यकर्ता भगवान जाट , ग्राम पंचायत प्रशासक दिनेश कुमार बेरवा मोतीलाल पारीक, नानालाल माली, मेगा माली, राजू शर्मा, वीरेंद्र पारीक, राधेश्याम पारीक, लादू लाल बेरवा, लालू राम, भेरूलाल माली, गंगाराम माली, कमलेश माली, कालू माली, मिठूलाल माली, भदेर माली सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

# महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान चुनाव में अनुभव चंदेल भारी मतों से विजयी

## 393 मतों में से 251 वोट मिले, 110 मतों से दर्ज की जीत

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भीलवाड़ा



महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान, जयपुर के हाल ही में संपन्न चुनाव में अनुभव चंदेल ने भारी मतों से जीत दर्ज की। देशभर के प्रतिनिधियों–हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक व दिल्ली से आए सदस्यों सहित कुल 393 मतदाताओं ने वोट डाले, जिनमें चंदेल को 251 मत मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी छुट्टनलाल को केवल 141 वोट प्राप्त हुए। चंदेल 110 मतों से विजयी घोषित हुए।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के पदाधिकारियों ने अनुभव चंदेल का भव्य स्वागत किया। महामंत्री भवानी शंकर माली, कोषाध्यक्ष बहादुर मल सैनी, श्रीमती सुमित्रा सैनी, राकेश माली सहित अन्य प्रतिनिधियों ने जीत पर खुशी जताई। कार्यक्रम में जोधपुर महापौर कुंती देवड़ा, पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार, राजेंद्र सोलंकी, पायल सैनी, विधायक भागचंद टकड़ा, संस्थान के पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल पवार, संरक्षक रामलाल कच्छावा, ज्ञानचंद सैनी, घनश्याम सांखला (बेंगलुरु), सुरेश सैनी, हनुमान सैनी सहित प्रदेशभर के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली, पत्रकार गोपाललाल माली, और सोशल मीडिया प्रभारी रोशन गढ़वाल ने भी चंदेल को जीत की शुभकामनाएं दीं।

## QUICK BITES

### विवाह के महज एक माह बाद ससुराल में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मंडपिया कस्बे में रविवार दोपहर एक नवविवाहिता ने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाह को महज एक माह ही बीता था। युवती ने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटक कर जान दे दी। फिलहाल खुदकुशी के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। वहीं, पीहर पक्ष ने भी किसी प्रकार की आशंका या आरोप नहीं जताया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगरोप थाना क्षेत्र के डाबी निवासी हरजी प्रजापत की 19 वर्षीय बेटी आशा की शादी करीब एक माह पहले मंडपिया निवासी पवन प्रजापत से हुई थी। रविवार को आशा ने सिर दर्द की शिकायत की और सास को दवाई लाने के लिए भेजा। इस दौरान उसने कमरे में जाकर साड़ी से फंदा बनाया और पंखे के हुक से लटक गई। सास जब दवा लेकर लौटी तो आशा को फंदे से झूलता देख चीत्कार कर उठी। परिजन और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर मंगरोप पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया।

पुलिस की सूचना पर पीहर पक्ष से परिजन मंडपिया पहुंचे। उनकी उपस्थिति में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हैं मामले की जांच की जा रही है।

### भाविप विवेकानंद शाखा की विशेष मंथन बैठक सम्पन्न, जनसेवा व सनातन मूल्यों पर हुआ चिंतन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा रविवार को सांगानेर स्थित सिंदरी बालाजी परिसर में विशेष मंथन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय संपर्क संयोजक गोविंद प्रसाद सोडाणी ने की। उन्होंने सेवा कार्यों से जुड़कर सरकारी योजनाओं के लाभ जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक चांदमल सोमानी ने कहा कि यदि सेवाभावी संगठन मिलकर कार्य करें तो भारत को पुनः विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।

बैठक में चिकित्सक, शिक्षाविद, उद्योगपति, समाजसेवी व मातृशक्ति सहित लगभग 3 दर्जन लोग शामिल हुए। डॉ. सीपी गोस्वामी ने यूडीआईडी कार्ड व कैंसर टीकाकरण, ओम सोनी ने बीमा योजनाओं की जानकारी, केदार जागेटिया ने जल संरक्षण, राजकुमार श्रीमाली ने चरित्र निर्माण, और डॉ. कल्पना शर्मा ने वेस्ट मैनेजमेंट पर विचार रखे।

बैठक में उपस्थितजनों को भारत माता की तस्वीर, साहित्य व किट भेंट कर स्वागत किया गया। समापन वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ।

### शिक्षा अधिकारियों को रात्रि विश्राम की बाध्यता पर शिक्षक संघ ने जताया विरोध

**मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) ने शिक्षा विभाग द्वारा जारी उस आदेश का विरोध किया है, जिसमें शिक्षा अधिकारियों को हर माह चार बार ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि विश्राम करना अनिवार्य किया गया है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजकर इस आदेश को वापस लेने की मांग की है।

जिला मंत्री महेश मंडोवरा ने कहा कि यह आदेश न केवल प्रशासनिक ढांचे के विरुद्ध है, बल्कि इससे अधिकारियों की कार्यप्रणाली, स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा, विशेषकर महिला अधिकारियों की गरिमा और सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं।

जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षा अधिकारियों पर निरीक्षण, योजना निर्माण, रिपोर्टिंग और वित्तीय जिम्मेदारियाँ होती हैं। ऐसे में रात्रि विश्राम की बाध्यता कार्य संतुलन बिगाड़ने वाली है।

प्रदेश पदाधिकारी प्रेमशंकर जोशी ने सरकार से इस आदेश की पुनः समीक्षा कर इसे संशोधित करने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890